# कलेक्टर के आदेश को नहीं मानते अवैध खेती करने वाले

**नगर में तेजी से घट रहा भू जल स्तर :** 15 मार्च से 31 जुलाई तक प्रतिबंध के बाद भी नदी एवं अन्य स्त्रोतों से हो रही सिंचाई

**छपारा नवभारत। यूँ तो इस बार जिले के साथ छपारा जनपद क्षेत्र में औसत से ज्यादा बारिश हुई थी किन्तु इसके बाद भी गत वर्ष की तरह इस बार भी फरवरी-मार्च माह से ही धीरे-धीरे जल संकट की आहट सुनाई देने लगी है जो आगामी ग्रीष्म ऋतु के महीने के लिए भयावह जल संकट की आहट है।**






जलसंकट को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा गत दिनों आदेश जारी करते हुए 15 मार्च से लेकर 31 जुलाई तक नल कूप खनन से लेकर नदी और शासकीय तालाब अन्य प्राकृतिक स्त्रोतों से सिंचाई हेतु पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। किंतु देखने में आ रहा है कि छपारा नगर से बहने वाली बैनगंगा नदी की छाती चीर कर उसमें अवैध खेती करने वाले कलेक्टर के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। ज्ञात हो कि सिवनी शहर सहित आधे जिले को पानी देने वाली उक्त बैनगंगा नदी पतली धारा में तब्दील हो गई,जिससे नगर के जल स्तर में गिरावट देखी जा रही हैं। वहीं छपारा नगर के कुछ वार्डों में जल संकट की स्थिति की शुरुआत हो गई है जिसको देखकर आगामी गर्मी के महीने कैसे कटेंगे इसको लेकर संशय बना हुआ है।

**अभी नहीं संभले तो देर होना निश्चित है**

वर्तमान समय में अभी जल संकट की स्थिति नहीं है किंतु यही स्थिति रही तो नगर सहित सिवनी शहर में आगामी दिनों में जल संकट की स्थिति बन सकती हैं। वहीं क्षेत्र में तेजी से घट रहे जल स्तर से जहां लोगों को आगामी दिनों के लिए फिक्रमंद कर रही है।





## भगवती की कथा श्रवण से नकारात्मकता समाप्त होती है

**केवलारी के पिपरिया साठई में चल रही भागवत कथा के दौरान बोले हितेंद्र शास्त्री**

**सिवनी नवभारत।** विकासखंड केवलारी अंतर्गत ग्राम पिपरिया (साठई) गांव में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के समापन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देवी कथा के अंतिम दिन सामूहिक हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। कथा के दौरान वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। गांव में हर ओर भक्ति गीत, जयकारों और हरि नाम के संकीर्तन से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा।

ग्राम पिपरियाकला (साठई-केवलारी) में चल रही श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ-चंडीयज्ञ में कथा व्यास आचार्य श्री हितेन्द्र पाण्डेय जी काशी मातृधाम ने उपस्थित श्रद्धालुजनों से कहा कि श्रीमद् देवी कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाली दिव्य साधना है। जब मनुष्य भगवती की कथा सुनता है तो उसके भीतर की नकारात्मकता समाप्त होकर भक्ति और सदाचार का प्रकाश फैलता है।

### एक नजर में

## आज बरघाट में कलश शोभायात्रा एवं चुनरी यात्रा

बरघाट। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2083 हिंदू नववर्ष आज 19 मार्च 20 26 दिन गुरुवार को शाम 3:00 बजे से हनुमान मंदिर मुंडापार से भव्य कलश शोभा यात्रा एवं चुनरी यात्रा प्रारंभ होकर रात्रि 8:00 बजे माता मंदिर मडिया वार्ड में पहुंचेगी जहां नगर देवी मां को चुनरी चढ़ाई जाएगी। शोभा यात्रा के साथ चलित झांकियां व डीजे विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। नगर देवी मंदिर पहुंचने पर पूजन अर्चन उपरांत महाआरती प्रारंभ होगी। महा आरती के पश्चात मंदिर के सामने प्रांगण पर फलाहारी भंडारा भी आयोजित किया गया है। हिंदू नव वर्ष आयोजन समिति ने समस्त क्षेत्रवासीयो एवं नगर वासियों से अपने घरों को यथासंभव धर्म ध्वजा,रंगोली ,आम के पत्ते की तोरण से सजाने का निवेदन किया है ।साथ ही सभी मातृ शक्तियों से अनुरोध है कि इस दिन पीली साड़ी पहनकर रैली में अवश्य उपस्थित हो,साथ ही अपनी सभी मातृ शक्तियों को आमंत्रित करे। कार्यक्रम में सहयोगी श्री श्याम फाउंडेशन ने भी समस्त नगर वासियों को शोभा यात्रा को भव्य रूप प्रदान करने के लिए कार्यक्रम में उपस्थित का निवेदन किया है।



## रक्षित केंद्र में हुआ अग्निशामक यंत्र उपयोग संबंधी प्रशिक्षण



सिवनी। बुधवार को पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सचिन परते एवं रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू की उपस्थिति में रक्षित केंद्र सिवनी परिसर में आपातकालीन स्थिति नियंत्रण हेतु अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं आगजनी जैसी विषम परिस्थिति में फायर सेफ्टी गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वयं एवं अन्य को बचाने के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में रक्षित केंद्र की आरामोर्री शाखा, रोजनामचा शाखा, वाहन शाखा, स्टोर शाखा के साथ साथ पुलिस पेट्रोल पंप, पुलिस कैंटीन एवं दिशा लर्निंग सेंटर सिवनी के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण एवं दिशा लर्निंग सेंटर के समस्त छात्र छात्राओं को रक्षित निरीक्षक द्वारा फायर सेफ्टी गाइडलाइन के बारे में जानकारी दी गई। सूबेदार जितेंद्र रावतकर द्वारा आग के प्रकार के अनुसार अग्निशामक यंत्र चुनाव एवं अग्निशामक यंत्र के कुशलतापूर्वक उपयोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

## राइस मिल संचालक से 51 हजार 212 रुपये की वसूली

सिवनी। कलेक्टर शीतला पटले के निर्देशानुसार जिले में राजस्व बकाया की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील सिवनी (भाग-1) अंतर्गत ग्राम पीपरडाही स्थित श्री राम राइस मिल पर राजस्व विभाग का दल राजस्व न्यायालय के आदेश के पालन में सीलिंग कार्यवाही के लिए पहुंचा। कार्यवाही के दौरान संबंधित संचालक को भूराजस्व बकाया के संबंध में अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने विगत वर्षों सहित चालू वर्ष का समस्त बकाया ऑनलाइन चालान के माध्यम से तत्काल जमा कर दिया। इस दौरान कुल 51 हजार 212 रुपये की वसूली की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए हैं कि जिले में बकाया राजस्व की वसूली के लिए इसी प्रकार सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही निरंतर जारी रखी जाए, जिससे शासकीय राजस्व में वृद्धि सुनिश्चित हो सके। राजस्व विभाग का दल इस अभियान के तहत विभिन्न बकायादारों के विरुद्ध कार्यवाही कर रहा है।



## गर्ल्स कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर व माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**सिवनी नवभारत।** गर्ल्स कॉलेज सिवनी में गूंज संस्था की ओर से सर्वाइकल कैंसर एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिलाओं से जुड़ी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक बनाना रहा।




कार्यशाला के दौरान श्रीमती अनुसूइया पटवा ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, बचाव और इसके टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय पर लगाया गया टीका इस गंभीर बीमारी से बचाव में अत्यंत सहायक होता है तथा इसे किस उम्र में और किस प्रकार लगवाना चाहिए, इसकी भी जानकारी छात्राओं को दी गई।

वहीं श्रीमती मनीषा चौहान ने माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सेनेटरी पैड के सही उपयोग और उपयोग के बाद उसके सुरक्षित निस्तारण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अपनाकर महिलाएं कैंसर सहित कई गंभीर बीमारियों से स्वयं को सुरक्षित रख सकती हैं।

इस अवसर पर छात्राओं को इको-फ्रेंडली सेनेटरी पैकेट का वितरण भी किया गया, ताकि वे सुरक्षित और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकल्प अपना सकें।

कार्यक्रम का एक विशेष क्षण उस समय रहा जब गूंज संस्था की ओर से उन छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने बाल विवाह के विरोध में आयोजित नुक्कड़ नाटक में भाग लेकर समाज में जागरूकता फैलाने का सराहनीय कार्य किया।

गूंज संस्था का उद्देश्य युवतियों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक बनाकर उन्हें सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में गूंज संस्था की संतोष भूरा, मीना ठाकुर, कॉलेज प्रबंधन तथा अलका उईके मैडम का विशेष सहयोग रहा।



## विधायक मुनमुन ने 5 लाख के अतिरिक्त कक्ष निर्माण की दी स्वीकृति

**विधायक विशाल कोयापुनेम कार्यक्रम में हुए सम्मिलित**

**सिवनी नवभारत।** विधायक दिनेश राय मुनमुन ने आयोजित विशाल कोयापुनेम कार्यक्रम मे सम्मिलित हो पुण्यलाभ अर्जित किया। आज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मिर्चीटोला (पाथरफोडी) के खेरमाई मंदिर प्रांगण मे अखिल भारतीय गोंडवाना गोंडमहासभा द्वारा आयोजित सात दिवसीय गोंडी गाथा धर्म संस्कृति संगीतमय विशाल कोयापुनेम कार्यक्रम मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन सम्मिलित हुए। जहां पर सामाजिक बंधुओं ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। वहीं विधायक श्री राय ने व्यासपीठ पर विराजमान पुनेमाचार्य तिरु. सीताराम वरकड़े गांगीवाडा का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि हमारी संस्कृति और धार्मिक परंपराएं ही समाज की नींव है गोंडी गाथा हमें अपनी जड़ों से जोड़ते है। इसके साथ ही जनहित को देखते हुए 05 लाख रुपए की लागत से अतिरिक्त कक्ष निर्माण की स्वीकृति प्रदान किया। और समाज को हरसंभव सहयोग की बात कही। इस अवसर पर रामजी चंद्रवंशी अध्यक्ष भाजपा मंडल करकोटी, श्याम मिलन पांडे , बसंत कटरे , सुरेश परते हेमंत कटरे , चेतन नरेती , नीरसिंह कटरे , जेडी देशमुख , हिम्मत सिंह परते , रामसिंह गुंजाम , वीरसिंह परते लक्ष्मण सिंह परते , रमेश उइके , पित्ते सिंह उइके , ध्यान सिंह परते , दिनेश गज्जाम , राजकुमार, संजू परते , सुकलाल परते , बलराम नरेती , सीएल बट्टी सहित बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

## सुरक्षा दिवस पर छात्राओं को बताये साइबर क्राईम से बचने के तरीके

**सिवनी नवभारत।** प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत त्रैमासिक कैलेण्डर के अनुसार 18 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में एडवोकेट मंगला शेन्डे ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, और उन्होंने बड़े ही सरल शब्दों में साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी और सोशल मीडिया द्वारा चल रहें साइबर क्राइम के बारे में बताया और साइबर क्राइम से कैसे बचे जा सकते उसके उपाय भी बताया और छात्र/ छात्राओं डिजिटल अरेस्ट के बारे में जानकारी दी और सोशल मीडिया के द्वारा होने वाले साइबर क्राइम से दूर रहने एवं अपने परिजनों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही डॉ. मानसिंह बघेल द्वारा साइबर खतरे के प्रकार जैसे - फिशिंग के द्वारा ईमेल या लिंक के जरिए यूजर का निजी डेटा चुराना व सोशल इंजीनियरिंग लोगों को मनोवैज्ञानिक रूप से गुमराह कर उनकी गोपनीय जानकारी प्राप्त करना भी साइबर क्राइम है।



प्रो. सत्येन्द्र शेन्डें द्वारा साइबर क्राइम से कैसे सुरक्षित बचे जा सकते है एवं साइबर सुरक्षा के लिए सावधानियाँ पर विस्तृत चर्चा की। अंत में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. श्यामसिंह राहंगडाले द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस पर जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा के स्तभ, खतरे, उपाय पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही उपस्थित मुख्य अतिथि, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र/छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

## शासकीय कन्या हाईस्कूल, कान्हीवाड़ा की छात्राओं ने रचा सफलता का इतिहास

**कान्हीवाड़ा नवभारत।** शासकीय कन्या हाई स्कूल, कान्हीवाड़ा की छात्राओं ने इस शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा कु. गायत्री शेंडे का चयन वर्ष 2026 की नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा के लिए हुआ है। यह परीक्षा मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। इसी क्रम में विद्यालय की अन्य तीन छात्राओं—कु. रौशनी मानकर, कु. महिमा बावने एवं कु. भूमिका भलावी—का चयन मॉडल स्कूल, सिवनी के लिए हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। विद्यालय के शिक्षकों ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सीमित संसाधनों के बावजूद छात्राओं ने दृढ़ संकल्प और लगन के साथ अध्ययन कर यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।





## नरवाई प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित, एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश

**केवलारी नवभारत।** रबी सीजन में गेहूं फसल कटाई के बाद होने वाली आगजनी की घटनाओं और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से अनुभाग केवलारी में प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में एसडीएम श्री महेश अग्रवाल की अध्यक्षता में एसडीएम कार्यालय केवलारी के सभाकक्ष में नरवाई प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों, हार्वेस्टर संचालकों, भूसा मशीन संचालकों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। एसडीएम श्री अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नरवाई जलाने की घटनाएं न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि किसानों की जमीन की उर्वरता को भी प्रभावित करती हैं, इसलिए इसे हर हाल में रोका जाना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि गेहूं की कटाई के दौरान सभी कम्बाइन हार्वेस्टर में स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए। बिना स्स्र के फसल कटाई करने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन की स्थिति में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि हार्वेस्टर संचालक अपनी मशीनों में आग से बचाव के लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखें, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत नियंत्रण किया जा सके।

अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे नरवाई को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नरवाई प्रबंधन संबंधी शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**विरोध** | पनघट पर प्यासे लोकोक्ति को चरितार्थ करता आदिवासी अंचल

# शेर कॉम्प्लेक्स अथवा बड़ादेव सूक्ष्म सिंचाई परियोजना से पानी की मांग

**धूमा नवभारत।** क्षेत्र की जनता बेपरवाह जनप्रतिनिधियों का दंश भोगने लाचार है , प्रदेश सरकार लगातार सिंचाई का रकवा बढ़ाने प्रयासरत है बहुत जल्द 2028तक एक सौ लाख हेक्टेयर भू-भाग को सिंचित करने का लक्ष्य सरकार ने तय किया है और इसी क्रम में लखनादौन तहसील के उत्तर-पूर्व सीमावर्ती ग्राम गुरार पट्टी के निकट सनेर नदी से लेकर ग्राम ढोड़ा माल और रैयत के निकट टोरिया नदी तक बड़ा देव सूक्ष्म सिंचाई परियोजना तथा लखनादौन के उत्तर-पश्चिम सीमावर्ती राखी पतरई गांव के पास शेर नदी पर शेढ़ काम्प्लेक्स इरिगेशन एरिया परियोजना अंतर्गत बांध बनना प्रस्तावित है तहसील क्षेत्र का बड़ा भूभाग जिसमें राजस्व और वन भूमि के साथ कृषि भूमि भी डूब में आ रही है तथा कुछ एक गांव के किसानों को इससे विस्थापन का दंश भी भोगना पड़ सकता है इतना कुछ होने के बाद भी इस क्षेत्र की कृषि-भूमि और किसानों की प्यास मिटने वाली नहीं है।



इन दोनों बांधों से लगभग 150 गांव ही लखनादौन तहसील के सिंचित होना है जबकि 150 के लगभग गांव नरसिंहपुर तहसील ,गोटेगांव तहसील ,शहपुरा तहसील और बरगी तहसील के सिंचित होना है लखनादौन के सिवाय दूसरी सभी तहसीलों में सिंचाई के लिए पानी की कमी नहीं है फिर भी लखनादौन विधानसभा क्षेत्र और मंडला संसदीय क्षेत्र के नाकाम जनप्रतिनिधियों के चलते गोटेगांव , नरसिंहपुर और बरगी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने लखनादौन की भोली भाली आदिवासी जनता के हक में डाका डाल दिया है धूमा के निकट अकाल और घोर जल संकट से जूझते कोहका ,बरबटी ,छपरा से लेकर धारपाठा, पटी, खाम्ही ,परतापुर, समनापुर, खाम्हा, जुगरई, थावरी, सिल्पनी, धुबिया ,बंजारी ,डेहका, कुंडा और रायचौर के किसानों की कृषि भूमि इन बांधों के जल से सिंचाई से वंचित रहेगी , इस विषय को लेकर क्षेत्रीय आदिवासी किसानों में जबरदस्त हताशा , निराशा और आक्रोश है

इस संबंध में आज क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधियों सरपंच सिल्पनी राधा इंदल पंद्रे सरपंच जुगरई शनिराम उइके, सरपंच खाम्ही बृजेश उइके, सरपंच छपरा रतन बरकड़े, सरपंच धारपाठा जयराम मरावी, सरपंच बंजारी मोती लाल ककोड़िया, जनपद पंचायत सदस्य जुनारी उइके, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती भगवती परते और क्षेत्रीय किसानों ने आज कलेक्टर को ज्ञापन/आवेदन सौंपकर बताया कि यदि शीघ्र ही क्षेत्र के 17-18 गांव को उक्त दो परियोजनाओं से सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध करना घोषित नहीं किया गया तो किसान बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं , इस आशय के पत्र स्पीड पोस्ट और मेल के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जलसंसाधन मंत्री, सांसद, विधायक सहित कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सिवनी और कार्यपालन यंत्री हिरन जलसंसाधन संभाग जबलपुर को भी प्रेषित किये गये हैं।

## कलाकारों और पत्रकारों का सम्मान, हस्तकला को बढ़ावा देने पर जोर

**भारतीय कलाकार संघ का आयोजन, एआई के दौर में पारंपरिक कला के संरक्षण की जरूरत पर चर्चा**

**सिवनी नवभारत।** भारतीय कलाकार संघ सिवनी (म.प्र.) द्वारा रविवार को कलाकारों एवं पत्रकारों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े कलाकारों और पत्रकारों को सम्मान-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।



संघ के मीडिया प्रभारी राजेश बनवारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को प्रोत्साहित करना और उनकी कला को नई पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव के कारण पारंपरिक कला पर असर पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद हस्तकला और पारंपरिक कलाएं आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय हैं।

कार्यक्रम में कला और संस्कृति के संरक्षण तथा कलाकारों को मंच देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इस दौरान कलाकारों और पत्रकारों को सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुनील (शेट्टी भैया), जिलाध्यक्ष दिनेश ठाकुर, उपाध्यक्ष आशुतोष सदाफल, जिला संयोजक हीरालाल कुल्हाड़े, जिला संरक्षक शरद नामदेव, कोषाध्यक्ष संजय पटेल, मीडिया प्रभारी राजेश बनवारी, सचिव प्रसून यादव, राजेश बाथू, श्याम कुशवाहा, ऋषि प्रकाश कश्यप, अजय सतनामी, अरविंद शेन्द्रे, रोहित कश्यप सहित जबलपुर से अजय भोयर, किशोर राउत और काजल भोयर के अलावा छिंदवाड़ा व सिवनी ब्लाक से बड़ी संख्या में कलाकारों की उपस्थिति रही। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर कला और संस्कृति को बढ़ावा देने की बात कही।